**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 712**

**04 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए**

**स्मार्ट सिटी मिशन का कार्यान्वयन**

**712. श्री ज्ञानेश्वर पाटीलः**

**श्री संदिपनराव आसाराम भुमरेः**

**डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगेः**

**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकरः**

**श्री निलेश ज्ञानदेव लंकेः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत विशेषकर महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, खंडवा जिला तथा दादरा एवं नगर हवेली के लिए राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार और जिलावार कुल कितनी निधि जारी की गई है;

(ख) इसके अंतर्गत पूर्ण हो चुकी तथा लंबित प्रमुख परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त मिशन के अंतर्गत नागरिक भागीदारी हेतु शुरू की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(घ) शहरी परिवहन और स्वच्छता पर उक्त मिशन के प्रभाव का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या एससीएम के अंतर्गत कार्यान्वित परियोजनाओं की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए कोई निगरानी या लेखापरीक्षा तंत्र मौजूद है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (ख) शहर स्तर पर स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) का कार्यान्वयन एक विशेष प्रयोजन तंत्र (एसपीवी) द्वारा किया गया है, जिसका गठन स्मार्ट सिटी विकास परियोजनाओं की आयोजना बनाने, मूल्यांकन करने, परियोजनाओं को अनुमोदित करने, निधियाँ जारी करने, खरीद, प्रबंधन, संचालन, निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए किया गया है। ये विशेष प्रयोजन तंत्र, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के संयुक्त स्वामित्व में हैं, जिनकी समान हिस्सेदारी है।

महाराष्ट्र राज्य के 8 शहरों, अर्थात् औरंगाबाद, कल्याण- डोंबिवली, नागपुर, नासिक, पिंपरी चिंचवाड़, पुणे, सोलापुर और ठाणे का चयन किया गया था। राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 01.12.2025 तक, 16,981 करोड़ रु. की कुल 347 परियोजनाओं में से, 15,505 करोड़ रु. की 330 परियोजनाएँ (कुल परियोजनाओं का 95%) पूरी की जा चुकी हैं और 1,476 रु. करोड़ की शेष 17 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है।

मध्य प्रदेश राज्य में, 07 शहरों, अर्थात् भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सागर, सतना और उज्जैन का चयन किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चयन हेतु अनुशंसित शहरों में खंडवा को शामिल नहीं किया गया था। राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 01.12.2025 तक, 15,129 करोड़ रु. की कुल 788 परियोजनाओं में से, 14,567 करोड़ रु. की 774 परियोजनाएँ (कुल परियोजनाओं का 98%) पूरी की जा चुकी हैं और 562 करोड़ रु. की शेष 14 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है।

संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली में, केवल एक शहर, सिलवासा, का चयन किया गया है। संघ राज्य क्षेत्र द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 01.12.2025 तक, 853 करोड़ रु. की कुल 29 परियोजनाओं में से, 416 करोड़ रु. की 12 परियोजनाएँ (कुल परियोजनाओं का 41%) पूरी की जा चुकी हैं और 437 करोड़ रु. की शेष 17 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है।

चूंकि स्मार्ट सिटी मिशन एक शहर स्तरीय परियोजना है, इसलिए सूचना केवल शहर स्तर पर ही रखी जाती है, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश तथा संघ राज्य क्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

**(**ग) स्मार्ट सिटी प्रस्तावों (एससीपी) की योजना स्थानीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में शहरों की स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर, नागरिकों सहित विभिन्न हितधारकों के परामर्श से बनाई गई है। स्मार्ट सिटी मिशन के दिशानिर्देशों के अनुसार, शहर स्तर पर, स्मार्ट सिटी सलाहकार मंच (एससीएएफ) की स्थापना का प्रावधान है, जिसमें जिला कलेक्टर, संसद सदस्य, विधान

सभा सदस्य, मेयर, विशेष प्रयोजन तंत्र (एसपीवी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्थानीय युवा प्रतिनिधि, तकनीकी विशेषज्ञ आदि शामिल हों, जिससे विभिन्न हितधारक के बीच परामर्श और सहयोग संभव हो सके।

(घ) स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शहरों का विकास विभिन्न क्षेत्रों में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त स्मार्ट सिटी प्रस्तावों (एससीपी) के आधार पर किया जा रहा है, जैसे स्मार्ट मोबिलिटी, जल, स्वच्छता, साफ-सफाई (वॉश), स्मार्ट गवर्नेंस, स्मार्ट ऊर्जा, पर्यावरण आदि, जिन्हें मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एचपीएससी) द्वारा अनुमोदित किया गया है।

शहरी मोबिलिटी परियोजनाओं में पब्लिक साइकिल शेयरिंग, इंटेलिजेंट यातायात प्रबंधन, कॉमन मोबिलिटी कार्ड प्रणाली, स्मार्ट जनपथ रोड का विकास और उन्नत निगरानी प्रणाली सहित मल्टी लेवल कार पार्किंग शामिल हैं, जिसमें शहर के इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर के माध्यम से 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की जाती है।

वॉश के तहत, शहर ने अपशिष्ट संग्रहण वाहनों की खरीद, स्रोत पृथक्करण को बढ़ावा देने, विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करने, नागरिक जागरूकता अभियान चलाने और सीवेज शोधन संयंत्र के निर्माण के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया।

स्मार्ट सिटी मिशन में स्मार्ट मोबिलिटी और वॉश क्षेत्र में शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(ङ) और (च) कंपनी अधिनियम, 2013 के उपबंधों के तहत, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत विशेष प्रयोजन तंत्रों का लेखा-परीक्षण राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में राज्य महालेखा परीक्षक द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) की स्मार्ट सिटी मिशन के तहत परियोजनाओं की प्रगति में तीव्रता लाने के लिए एक बहु-स्तरीय समीक्षा संरचना है। राष्ट्रीय स्तर पर, कार्यान्वयन की निगरानी आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता वाली एक शीर्ष समिति द्वारा की जाती है। राज्य स्तर पर, मिशन कार्यान्वयन की निगरानी मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एचपीएससी) द्वारा की जाती है। शहर स्तर पर, सभी 100 शहरों के लिए स्मार्ट सिटी सलाहकार मंच (एससीएफ) की स्थापना का प्रावधान है ताकि विभिन्न हितधारकों परस्पर परामर्श और सहयोग कर सके।

*****

**अनुलग्नक-I**

**स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यान्वयन के संबंध में दिनांक 4 दिसंबर, 2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 712 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली के शहरों में दावा की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता, पूर्ण की जा चुकी और चल रही परियोजनाओं का शहर-वार विवरण

**राज्य : महाराष्ट्र**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| राज्य / शहर | दावा की गई केंद्रीय सहायता | कुल | | पूर्ण की जा चुकी | | चल रही | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजनाएँ (सं. में) | राशि | परियोजनाएँ (सं. में) | राशि | परियोजनाएँ (सं. में) | राशि |
| कल्याण-डोंबिवली | 490 | 19 | 1245 | 16 | 721 | 3 | 524 |
| नागपुर | 490 | 47 | 1768 | 40 | 1588 | 7 | 180 |
| नासिक | 444 | 53 | 3197 | 51 | 3012 | 2 | 185 |
| पिंपरी चिंचवाड़ | 490 | 25 | 1304 | 24 | 1172 | 1 | 132 |
| पुणे | 490 | 55 | 3333 | 55 | 3333 | 0 | 0 |
| सोलापुर | 490 | 49 | 1587 | 49 | 1587 | 0 | 0 |
| ठाणे | 490 | 52 | 1712 | 50 | 1402 | 2 | 310 |
| **कुल** | **3874** | **347** | **16981** | **330** | **15505** | **17** | **1476** |

**राज्य : मध्य प्रदेश**

| राज्य / शहर | दावा की गई केंद्रीय सहायता | कुल | | पूर्ण की जा चुकी | | चल रही | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजनाएँ (सं. में) | राशि | परियोजनाएँ (सं. में) | राशि | परियोजनाएँ (सं. में) | राशि |
| **मध्य प्रदेश** | | | | | | | |
| भोपाल | 490 | 82 | 2791 | 82 | 2791 | 0 | 0 |
| ग्वालियर | 490 | 84 | 1633 | 80 | 1406 | 4 | 227 |
| इंदौर | 490 | 231 | 3751 | 231 | 3751 | 0 | 0 |
| जबलपुर | 490 | 130 | 2197 | 130 | 2197 | 0 | 0 |
| सागर | 490 | 80 | 1782 | 78 | 1607 | 2 | 175 |
| सतना | 490 | 86 | 1363 | 80 | 1227 | 6 | 137 |
| उज्जैन | 490 | 95 | 1613 | 92 | 1580 | 3 | 33 |
| **कुल** | **3430** | **788** | **15129** | **774** | **14567** | **14** | **562** |

**संघ राज्य क्षेत्र: दादरा और नगर हवेली**

| **राज्य / शहर** | **दावा की गई केंद्रीय सहायता** | **कुल** | | **पूर्ण की जा चुकी** | | **चल रही** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **परियोजनाएँ (सं. में)** | **राशि** | **परियोजनाएँ (सं. में)** | **राशि** | **परियोजनाएँ (सं. में)** | **राशि** |
| दादरा और नगर हवेली | | | | | | | |
| सिलवासा | 392 | 29 | 853 | 12 | 416 | 17 | 437 |
| **कुल** | **392** | **29** | **853** | **12** | **416** | **17** | **437** |

01 दिसंबर, 2025 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार

*****

**अनुलग्नक-II**

**स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यान्वयन के संबंध में दिनांक 4 दिसंबर, 2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 712 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**स्मार्ट सिटी मिशन** में स्मार्ट मोबिलिटी और वॉश क्षेत्र में शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण (**राशि करोड़ रु. में**)

| क्र. सं. | क्षेत्र | कुल परियोजनाएँ | | पूर्ण परियोजनाएँ | | चल रही परियोजनाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजनाओं की सं. | राशि | परियोजनाओं की सं. | राशि | परियोजनाओं की सं. | राशि |
| 1 | स्मार्ट मोबिलिटी | 1734 | 41652 | 1651 | 38753 | 83 | 2899 |
| 2 | वॉश | 1547 | 49625 | 1478 | 47627 | 69 | 1998 |
| कुल योग | | 3281 | 91277 | 3129 | 86380 | 152 | 4897 |

*01 दिसंबर, 2025 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार*

*****